स्क्रिन पर सवाल आते ही उत्साहित छात्रों में जवाब देने की मची हौड़

इंदौर (आरएनएन)। अपने प्रतिद्वंदी को हराने की हौड़, स्क्रिन पर सवाल आते ही जवाब देने के लिए उत्साहित स्टूडेंट की टीम ने मंगलवार को नेशनल लेवल की क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखारने और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ ही भारतीय संस्कृति से रुबरु करवाने, स्टूडेंट्स में आईटी स्किल्स के महत्व को उभारने व जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से कक्षा 8वीं से 12वीं तक के लिए इंटर स्कूल आईटी क्विज का आयोजन मंगलवार को देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में किया गया। टीसीएस आईटी विज़ यह मंच कम्प्यूटर साइंस और आईटी के क्षेत्र में एक प्रभावी पूरक के तौर पर काम करता है क्योंकि क्विज के लिए ढूंढें गए अधिकांश सवाल एकेडमिक क्षेत्र से बाहर के हैं जो स्टूडेंट को किताबों से अलग हटकर देखने को भी प्रेरित करते हैं। इसमें इंदौर, भोपाल, कोटा, वाराणसी के विभिन्न स्कूलों से करीब 1350 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल कोटा ने प्रतियोगिता जीती। इंदौर के सेंट पॉल स्कूल के कार्तिक तिवारी और रुद्राक्ष त्रिपाठी रनर अप रहे। विजेता अब मुम्बई में होने वाले नेशनल फायनल्स में शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इंदौर रहा रनर अप

क्विज के अंतर्गत इस साल चार मुख्य क्षेत्रों को केंद्र में रखा गया जिनमें ऑटोमेटेशन, कॉन्टेक्स्चयुअल नॉलेज, मशीन व कुशलता परीक्षण थे। इसके अलावा एक एक्सक्लूसिव राउंड भी हुआ। इस रीजनल स्तर के

चैम्पियंस को 60 हजार रुपए मूल्य के गिफ्ट वाउचर और रनर अप को 40 हजार रुपए के गिफ्ट वाउचर दिए गए। कार्यक्रम के अतिथि टीसीएस के वाइस प्रेसीडेंट व ग्लोबल हेड कॉग्निटिव बिजनेस ऑपरेशंस अशोक पाई ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। संचालन मास्टर गिरी पिक्ब्रेन बालासुब्रह्मण्यम ने किया।